“गणित सुमन पत्रिका का विमोचन”

आज दिनांक 21/03/2024 को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नात्कोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के गणित परिषद द्वारा उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे अतिरिक्त संचालक दुर्ग परिक्षेत्र उच्च शिक्षा विभाग थे | कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित परिषद के संपोषक डॉ. एम. ए. सिद्दीकी ने की | कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया | अतिथियों के स्वागत के उपरांत गणित परिषद के गठन की घोषणा की गई | इसके संपोषक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्दीकी, अध्यक्ष डॉ. पद्मावती विभागkध्यक्ष गणित विभाग एवं प्रभारी प्राध्यापक डॉ. प्राची सिंह एवं डॉ. राकेश तिवारी हैं | एम.एससी. अंतिम की कुमारी डिंपल चंद्राकर सचिव एवं एम.एस-सी. पूर्व की अफरा खान सहसचिव प्रावीण्यता के आधार पर मनोनीत किए गए | परिषद के कोषाध्यक्ष जुगल किशोर एवं कार्यकारिणी सदस्य लीना देशमुख, सीमा सिन्हा, अंजु नेताम एवं ऋषभ डेडसेना, चोवाराम हैं | गणित परिषद की सचिव कुमारी डिंपल चंद्राकर ने गणित विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया |इसमें गणित परिषद द्वारा विगत 17 वर्षों से प्रकाशित पत्रिका गणित सुमन का उल्लेख किया गया |इस पत्रिका में गणित विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणित के विभिन्न अनुप्रयोगों पर सारगर्भित लेख प्रकाशित किया जाता है | इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों एवं विभाग के प्राध्यापकों द्वारा स्वेच्छा से डॉक्टर राधाकृष्णन पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है |डॉ. प्राची सिंह द्वारा शैक्षणिक भ्रमण हेतु इस वर्ष आंध्र विश्वविद्यालय विशाखापट्टनम विद्यार्थियों को ले जाया गया| मुख्य अतिथि का परिचय एवं स्वागत भाषण विभाग अध्यक्ष डॉ. पद्मावती ने किया| मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए विभिन्न स्टार्टअप पर विस्तार से प्रकाश डाला |

इसके पश्चात डॉ. एम. ए. सिद्दीकी ने गणित विषय की महत्ता एवं उपयोगिता पर चर्चा की| उद्बोधन के पश्चात “गणित सुमन” का विमोचन एवं राधाकृष्णन पुस्तकालय में किताबों का लोकार्पण किया गया |इस अवसर पर दिनांक 11/3/2024 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कविता प्रतियोगिता मृदुल निर्मल, रागिनी साहू ,खिलेश्वरी ,पोस्टर प्रतियोगिता माही सोनी,गरिमा ध्रुव, निहारिका गुप्ता, स्पेशल गेटअप प्रतियोगिता लक्ष्मी श्री प्रधान, अंकिता महिलांगे, जिज्ञासा साहू, क्विज प्रतियोगिता प्रांजल पांडे, राजलक्ष्मी, निमिष देवांगन ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया| इन विजेता Nk= छात्राओं को एवं सत्र 2022-23 में गणित में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी संगीता दास को सिल्वर मेडल प्रदान किया गया |

धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर प्राची सिंह द्वारा किया गया दिया गया इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर ए. के. खान, रसायन शास्त्र विभाग से डॉ. अनिल कश्यप एवं डॉ अनुपमk कश्यप, इतिहास विभाग से डॉ. अनिल पांडे एवं डॉ. ज्योति धkरकर के अतिरिक्त एम.एससी. गणित के अतिथि प्राध्यापक निधि शर्मा ,डॉ. शोभा रानी, अंबालिका चौहान, Bitek कुमारी एवं Jherh प्रभा राजपूत एवं स्नातकोत्तर के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे